मूल्यः एक रूपया

# इस्पात संदेश

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–9, अंक–5 जुलाई, 2009

किसी भी तरह के व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाईन – 1800 1800 545

## झारखंड में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के डीलरों का पहला वार्षिक सम्मेलन

कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने झारखंड में "कामधेनु स्टील के डीलरों का पहला वार्षिक सम्मेलन" आयोजित किया है। यह समारोह झारखंड के देवघर में स्थित मेसर्स भवानी फेरस प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से किया गया।








सम्मेलन के दौरान कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल श्री सचिन अग्रवाल, सीनियर जीएम,श्री एस.बी. शर्मा, मेसर्स भवानी फेरस प्रा. लि. के निदेशक श्री विनोद सुलतानिया, मनीष सुलतानिया एवं अन्य

झारखंड की राजधानी राँची के होटल "कैपिटल हिल" में आयोजित इस समारोह में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशकगण के अलावा, श्री एस.बी. शर्मा (सीनियर जीएम), श्री वी.के श्रीवास्तव (जीएम–स्टील), बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल एवं नेपाल), श्री विवेक माहेश्वरी (एजीएम–बीडी), श्री सुनील कुमार सिंह (जीएम–सीमेंट), श्री चंदन गोस्वामी (सीनियर मैनेजर–ब्रांड प्रोमोशन), सुश्री शिविका कपिल, श्री सुब्रतो उपाध्याय (डीजीएम–पेंट्स), मेसर्स भवानी फेरस प्रा. लि. के निदेशकगण श्री विनोद सुलतानिया, मनीष सुलतानिया एवं मेसर्स सूर्या सीमेंट उद्योग के निदेशक श्री राजेश जैन सहित कई गणमान्य अतिथियों ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर कामधेनु पेंट एवं सुपर सीमेंट की औपचारिक लांचिंग भी की गयी जिसके बारे में चर्चा करते हुए श्री सचिन अग्रवाल ने कहा "झारखंड के उपभोक्ताओं में उच्चस्तरीय गुणवत्ता वाले पेंट उत्पादों की बड़ी माँग है और कामधेनु इस्पात लिमिटेड इस पैमाने पर बिलकुल फिट बैठता है। कामधेनु इस्पात लिमिटेड की कलर ड्रीम्ज़ श्रृंख्ला के उत्पाद अपनी विशिष्ट गुणवत्ता की वजह से यहाँ के उपभोक्ताओं के बीच अपनी अलग पहचान बनाने में सक्षम होंगे।"

डीलरों एवं डिस्ट्रीब्यूटरों को जानकारी देते हुए कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने कहा "झारखंड में कामधेनु स्टील के उत्पादों की जबरदस्त मांग को देखते हुए हमने इस इकाई की उत्पादन क्षमता को अगले दो महीनों में और बढ़ाने का निर्णय लिया है। यह इस बात को दर्शाता है कि कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने किस प्रकार अपनी कामयाबी का सफर तय किया है।"

श्री अग्रवाल के इस भरोसे को मजबूती देते हुए भवानी फेरस प्रा. लिमिटेड के निदेशक श्री मनीष सुलतानिया ने कहा "यह बात प्रमाणित हो चुकी है कि कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने अपने दम पर झारखंड के बाजार में अपनी पैठ बनायी है, और आज यहाँ के प्रतिस्पर्धी बाजार में इसका मार्केट शेयर दिनों दिन बढ़ता जा रहा है।"

समारोह के दौरान श्री वी.के श्रीवास्तव को उनके विशिष्ट योगदान के लिए बेस्ट एक्सीलेंस अवार्ड दिया गया। पंकज एंटरप्राईजेज, (देवघर) के पंकज खेतान को बेस्ट डीस्ट्रीब्यूटर तथा पंकज एंटरप्राईजेज, (दुमका) को बेस्ट डीलर का अवार्ड दिया गया।

# मनाली में कामधेनु इस्पात लिमिटेड का वार्षिक डीलर सम्मेलन

हिमाचल प्रदेश के डीलरों को प्रोतसाहित करते हुए कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने मनाली में कामधेनु स्टील के डीलरों का वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया है। यह समारोह मनाली के होटल मानु अल्लया में 11 और 12 जुलाई को संप्पन हुआ। इस अवसर पर कामधेनु इस्पात लिमिटेड के करीब 200 डीलरों ने हिस्सा लिया।





सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल, मंच पर मौजूद लोगों में हिम एलॉयज के निदेशक श्री ए. राजा, रेडियेंट कासटिंग के निदेशकगण श्री ए. के. अग्रवाल एवं श्री एस. के. शर्मा तथा अन्य

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के ओर से इस मौके पर उपस्थित थे निदेशक श्री सुनील अग्रवाल, जीएम (स्टील) राकेश मिशरी, जीएम श्री वी. के गहलोत, एजीएम ब्रांड प्रोमोशन श्री अमित सोनी, जीएम (सीमेंट) श्री सुनील सिह, एजीएम, (स्टील) श्री मनोज शर्मा, सुश्री शीविका कपिल, एंव श्री नितिन प्रताप। इनके अलावा मौजूद थे हिम एलॉयज के निदेशक श्री ए. राजा, रेडियेंट कासटिंग के निदेशकगण श्री ए. के. अग्रवाल एवं श्री एस. के. शर्मा तथा कई अन्य स्टाफ और डीस्ट्रीब्यूटरर्स।

समारोह को सम्बोधित करते हुए श्री सुनील अग्रवाल ने कहा "यह सम्मेलन कामधेनु परिवार की विकासोन्मुखी विचारधारा को एक मजबूत आधार देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। कामधेनु स्टील से जुड़े हमारे डीलर एवं डिस्ट्रीब्यूटर बीते डेढ़ दशकों से कंपनी को निरंतर कामयाबी की नई मंजिलों की ओर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कंपनी अपने डीलरों एवं डिस्ट्रीब्यूटरों पर पूरा भरोसा करती है और भरोसे का यह रिश्ता हमारे उपभोक्ताओं को पूर्ण संतुष्टि देता है। यही वजह है कि कामधेनु ब्रांड के हर उत्पाद के साथ हमारे उपभोक्ता एक खास तरह का अपनापन महसूस करते हैं।

इस अवसर पर डीलरों को उनके उत्कृष्ट प्रर्दशन के लिए बेस्ट डीलर का अवार्ड दिया गया तथा बाजार में कामघेनु की हिस्सेदारी और बढ़ाने के उपाय पर बिचार किया गया। इस

# रिश्ते की अड़चनों को थोड़ा कम कर गईं हिलेरी



बराक ओबामा के अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के बाद भारत–अमेरिका के आपसी सबंधों को जिस आशंका की नज़र से देखा जा रहा था, उसे अमेरिकी विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन की विदेश यात्रा ने एक ठोस आधार दिया है। इसे भारत के प्रति अमेरिका की दिलचस्पी का सकारात्मक पहलू भी कहा जा सकता है कि उसने अमेरिकी रक्षा उपकरणों की डील से जुड़े "एंड यूजर वेरिफिकेशन समझौते" की अड़चनों को दूर करना ही बेहतर समझा। इस समझौते पर हस्ताक्षर के बाद अमेरिका–भारत द्वारा तय किए स्थानों पर ही अपना निरीक्षण दल भेज पाएगा। हालांकि, अमेरिकी तकनीक, ईंधन एवं उपकरणों के गलत हाथों में हस्तंतरण को रोकने की शर्त भी शामिल है। साथ ही निरीक्षण की प्रक्रिया में कई प्रकार की व्यवहारिक मुश्किलें भी पेश आने की संभावना है। भारत के विपक्षी दलों ने इस समझौते को अमेरिकी दबाव में झुक जाना बताकर समझौते के प्रति अपनी आशंका साफ जाहिर कर दी है। जबकि यूपीए सरकार इसे अपनी उपलब्धि मानकर चल रही है।

हिलेरी की भारत यात्रा को भारत–अमेरिका–पाकिस्तान के त्रिकोणात्मक संबंधों के नजरिए से भी देखा जा रहा है। हिलेरी ने भारत और पाकिस्तान को एक ही तराजू पर तोलते हुए कहा कि दोनो देश आतंक के विरुद्ध अपनी–अपनी लड़ाई लड़ रहे हैं। इस जंग में अमेरिका दोनों देशों के साथ है, लेकिन पाकिस्तान की आंतरिक स्थिति को देखते हुए उसकी मदद करना भी जरूरी है।

हिलेरी क्लिंटन की यात्रा का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य परमाणु अप्रसार समझौते की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना भी था। लेकिन अमेरिकी विदेश मंत्री ने जिस प्रकार भारतीय सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के साथ–साथ नागरिकों, छात्रों, उद्योगपतियों और सेलेब्रिटियों के साथ जनसंपर्क बढ़ाने की कोशिश की, उसका निष्कर्ष तो यही निकलता है कि भारत के प्रति अमेरिका का नजरिया काफी तेजी से बदल रहा है। अमेरिकी विदेश मंत्री के ये शब्द कि "मैं भारत को क्षेत्रीय नहीं बल्कि एक विश्व शक्ति मानती हूँ और दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने यहाँ आयी हूँ", जो 21वीं सदी के लिए अत्यंत जरूरी है। अमेरिकी विदेश मंत्री का यह बयान भारत अमेरिकी संबंधों को एक नयी दिशा देने में सक्षम हो सकता है। इस

# रायपुर में संपन्न हुआ डीलरों का वार्षिक सम्मेलन



कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल समारोह में दीप प्रज्ज्वलित करते हुए, साथ में हैं श्री सचिन अग्रवाल (निदेशक), श्री आनंद तिवारी (जीएम), श्री अमित सोनी (एजीएम–ब्रांड प्रोमोशन) एवं लिंगराज स्टील एवं पावर प्रा. लि. के निदेशकगण श्री एस.पी. अग्रवाल, श्री गणेश अग्रवाल, श्री सुरेश गोयल एवं अन्य।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने एक बार फिर अपने डीलरों एवं डिस्ट्रीब्यूटरों की मेहनत और भरोसे को सलाम करते हुए कामयाबी का एक महत्वपूर्ण पड़ाव पार किया। इस बार मौका था कामधेनु स्टील से जुड़े डीलरों के वार्षिक सम्मेलन का। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के होटल बेबीलोन इन में 27 जून को आयोजित समारोह में प्रदेश के तकरीबन 200 से ज्यादा डीलरों एवं डिस्ट्रीब्यूटरों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस अवसर पर कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल एवं सचिन अग्रवाल के साथ–साथ श्री एस.बी. शर्मा (सीनियर जीएम), श्री आनंद तिवारी (जीएम), श्री विवेक माहेश्वरी (एजीएम–बीडी) एवं श्री अमित सोनी (एजीएम–ब्रांड प्रोमोशन) भी मौजूद थे। इनके अतिरिक्त छत्तीसगढ़ में कामधेनु इस्पात लिमिटेड की सहयोगी कंपनी मेसर्स लिंगराज स्टील एंड पावर प्रा. लि. के निदेशकगण श्री सुरेश गोयल, श्री गणेश अग्रवाल एवं श्री सिद्धेश्वर प्रसाद अग्रवाल ने भी हिस्सा लिया। मेसर्स लिंगराज स्टील ने कामधेनु इस्पात लिमिटेड के साथ समारोह के सह–आयोजक की भूमिका भी निभायी।

श्री सुनील अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर डीलरों के इस वार्षिक सम्मेलन के आगाज की घोषणा की। अपने डीलरों की कार्यकुशलता की प्रशंसा करते हुए




श्री अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ के उपभोक्ताओं की पसंद और जरूरतों को रेखांकित किया। छत्तीसगढ़ के बाजार में मौजूद संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए उन्होने एक विशेष प्रकार की मार्केटिंग नीति पर चलने का सुझाव दिया। श्री एस. बी. शर्मा ने पी. पी. टी. के जरिए कामधेनु इस्पात लिमिटेड की कामयाबी एवं छत्तीसगढ़ में इसके अबतक के सफर को आँकड़ों के साथ समझाया। लिंगराज स्टील के निदेशक श्री सिद्धेश्वर प्रसाद अग्रवाल ने कामधेनु स्टील के उत्पादों की तकनीकी विशिष्टताओं के बारे में विस्तार से समझाया। समारोह का समापन श्री गणेश अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया।

समारोह में उस वक्त एक नया जोश भर गया जब एक साथ 40 डीलरों को "बेस्ट परफॉर्मिंग डीलर" का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस घोषणा को सुनते ही सभी डीलर खुशी से झूम उठे। एक–दूसरे को बधाईयाँ देते हुए डीलरों ने आगे से और बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प लिया। जोश एवं उमंग से भरपूर डीलरों ने डीजे टीम के सदस्यों एवं नर्तकों के साथ कदम से कदम मिलाते हुए नृत्य



और संगीत का भरपूर आनंद लिया। कामधेनु इस्पात लिमिटेड द्वारा आयोजित यह वार्षिक सम्मेलन सही मायनों में डीलरों के उत्साहवर्द्धन का एक महत्वपूर्ण जरिया बना। इस

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2009-2011




# कंस्ट्रक्शन केमिकल्स यानी टोटल सॉल्यूशन

कंस्ट्रक्शन क्षेत्र से जुड़ी हर समस्या का समाधान कामधेनु ब्रांड के अंतर्गत उपलब्ध कराना कामधेनु इस्पात लिमिटेड का एकमात्र लक्ष्य रहा है। अपने इस लक्ष्य की ओर एक मजबूत कदम बढ़ाते हुए कंपनी ने अपनी पेंट शाखा की विस्तृत श्रृंखला के अंतर्गत कंस्ट्रक्शन केमिकल्स को बाजार में उतारा है। इसमें कंस्ट्रक्शन केमिकल्स के अतिरिक्त वाटर प्रूफिंग केमिकल्स, आर्किटेक्चरल कोटिंग्स, मेम्ब्रेन कोटिंग, कंस्ट्रक्शन एड्स, फ्लोर हार्डनर, टाइल एधेसिव, एवं कंक्रीट बाडिंग एजेंट जैसे कई उपयोगी उत्पाद शामिल हैं। इसके साथ ही कंपनी ने भूमिगत से लेकर उच्चतम मंजिल तक फ्लोर (सतह) एवं छत की वाटरप्रूफिंग के लिए आवश्यक उत्पादों की श्रृंखला भी पेश की है, जिसमें विशेषकर दरारों एवं छिद्रों की मरम्मत संबंधी उत्पाद भी शामिल हैं।

कामधेनु पेंट की स्थापना तकनीकी विशेषज्ञता प्राप्त प्रोफेशनल इंजीनियरों एवं अनुसंधानकर्ताओं की एक सुनियोजित टीम के साथ की गयी थी। साथ ही कंपनी ने उपभोक्ताओं की पसंद और जरूरतों को जानने–समझने के लिए देश के बाजार का गहराई से अध्ययन किया था। कामधेनु पेंट का प्रत्येक उत्पाद गहन शोध एवं अनुभव का नतीजा हैं। इसी प्रकार कंस्ट्रक्शन केमिकल्स में भी कंपनी की तकनीकी टीम का सम्पूर्ण अनुभव शामिल है। बाज़ार की प्रतियोगिता में सबसे आगे निकलने के लिए कंपनी ने विशेष प्रकार की प्रयोगशालाएं स्थापित की हैं, जिनमें निरंतर अनुसंधान एवं शोधकार्य चलते रहते हैं। उत्पादन की सम्पूर्ण प्रक्रिया को त्रुटिरहित बनाए रखने के लिए अत्याधुनिक मशीनरी का उपयोग किया गया है। गुणवत्ता एवं शुद्धता की कसौटी पर पूरी तरह परखने के बाद ही इन उत्पादों को बाजार में उतारा जाता है।

कंपनी के उत्पादों को सीबीआरआई–रुड़की, आईआईटी–दिल्ली, एनसीसीबी–बल्लभगढ़, श्रीराम औद्योगिक अनुसंधान संस्थान, दिल्ली जैसे उत्कृष्ट जाँच केन्द्रों द्वारा गुणवत्ता परीक्षण के बाद ही अनुमोदित किया जाता है। क्वालिटी में कोई समझौता न करने के बावजूद कंपनी ने इन उत्पादों की कीमतों पर भी पूरा नियंत्रण रखा है।

इस प्रकार कामधेनु पेंट श्रृंखला के कंस्ट्रक्शन केमिकल्स किफायती दरों में सर्वोच्च गुणवत्ता के दावों पर खरा उतरते हैं। कंस्ट्रक्शन केमिकल्स के साथ कंपनी अपने उपभोक्ताओं को उनके निर्माण से जुड़ी समस्याओं के सम्पूर्ण समाधान का वचन भी देती है। जिसका तात्पर्य यह है कि इन उत्पादों के बारे में पूछताछ एवं जानकारी उपलब्ध कराने से लेकर उपयोग के अंतिम चरण तक उपभोक्ताओं की हर समस्या का समाधान कंपनी द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। कंपनी का उद्देश्य केवल अपने उत्पादों कों बेचना ही नहीं है बल्कि यह अपने उपभोक्ताओं की पूर्ण संतुष्टि चाहती है।



कामधेनु पेंट अपने ब्रांड को डीलरों एवं डीस्ट्रीब्यूटरों द्वारा बेचना चाहती है इस बारे में विस्तृत जानकारी के लिए श्री पी.के. बनर्जी, एजीएम, 9811460789 एवं श्री पी. चक्रवर्ती,(रिटेल–ऑपरेशन,एन सीआर) 9971835577,श्री कमलेश शाह, रीजनल मैनेजर (वेस्ट) 9427359878 से सम्पर्क कर सकते है।

इस

बेस्ट सपोर्टिंग डीलर आफ द मंथ

श्री योगेश कंसल
मेसर्स बांके बिहारी इंटरप्राइजेज
हिमांशु सीमेंट एजेंसी के निकट
अम्बेडकर तिराहा, सिविल लाइन रोड,
जौनपुर (उत्तर प्रदेश – यूपी)
मोबाइल : 9935504686, 918441171

श्री अमित गर्ग
मेसर्स हिन्दुस्तान स्टील
154/5,
विजय मार्किट,
पूथ खुर्द
मैन बवाना रोड, दिल्ली–39

Printed at Tara Art Printers Pvt. Ltd., A-46/47, Sector-5, Noida, UP.

Owned by KIL, L-311, Street No.-7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. +91 11 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011-22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com